डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

एस.ए.16/14

17 सितम्बर 2021

प्रेस विज्ञप्ति

साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2020 अर्पण समारोह कल
विश्वनाथ प्रसाद तिबारी होंगे मुख्य अतिथि

साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2020 अर्पण समारोह कल (18 सितंबर 2021) सायं 5.00 बजे कमानी सभागार, कॉपरनिकस मार्ग, नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। ज्ञात हो कि पुरस्कार समारोह अकादेमी का सबसे प्रतिष्ठित समारोह होता है जहाँ अकादेमी स्वयं द्वारा मान्यता प्राप्त 24 भारतीय भाषाओं के लेखकों को प्रतिवर्ष पुरस्कृत करती है।यह पुरस्कार साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष चंद्रशेखर कंबार द्वारा प्रदान किए जायेंगे और हिंदी के प्रख्यात लेखक एवं साहित्य अकादेमी के महत्तर सदस्य विश्वनाथ प्रसाद तिवारी समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

19 सितंबर 2021 को पूर्वाह्न 10.00 बजे साहित्य अकादेमी के उपाध्यक्ष माधव कौशिक की अध्यक्षता में लेखक सम्मिलन, जिसमें पुरस्कृत लेखक अपने रचनात्मक अनुभव साझा करते हैं, का आयोजन साहित्य अकादेमी सभागार, प्रथम तल, रवींद्र भवन में किया जाएगा।

(के. श्रीनिवासराव)

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in